कार्यालय लोक सेवा आयोग, उ0प्र0
संख्याः–02(1)/डी0आर0/एस–8/2025–26
दिनांकः प्रयागराज 07 मई, 2026
संशोधित विज्ञप्ति

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि **उ0प्र0, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग** के अन्तर्गत आयोग द्वारा **विज्ञापन संख्या–डी–6/ई–1/2025, विभाग संख्या–एस–8/02** के माध्यम से विज्ञापित कराए गये **दन्त सर्जन** के **157 पदों** पर स्क्रीनिंग परीक्षा (दन्त सर्जन स्क्रीनिंग परीक्षा, 2025) दिनांक 25 अक्टूबर, 2026 को प्रस्तावित है। उक्त दन्त सर्जन पद की स्क्रीनिंग परीक्षा से सम्बन्धित पाठ्यक्रम एवं परीक्षा योजना पूर्व में, विज्ञप्ति दिनांक 10 मार्च, 2026 के माध्यम से जारी की गयी थी। उक्त विज्ञप्ति के माध्यम से जारी परीक्षा योजना को आयोग द्वारा संशोधित करते हुए, **संशोधित परीक्षा योजना लागू की गयी है**, जो निम्नवत् हैः–

- 150 वस्तुनिष्ठ प्रकारक बहुविकल्पीय प्रश्नों वाला एक प्रश्न पत्र होगा। प्रत्येक प्रश्न 03 (तीन) अंक का होगा।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए दिये गये एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किये गये अंकों का 1/3 अंक (0.33) दण्ड के रूप में काटा जायेगा।
- प्रश्न–पत्र निम्नानुसार दो भागों में विभक्त होगाः–

भाग	विषय	प्रश्नों का प्रकार	प्रश्नों की संख्या	अंक	पूर्णांक	समय
(i)	सामान्य अध्ययन	वस्तुनिष्ठ प्रकारक	50	150	450	02 घण्टे
(ii)	डेन्टल सर्जन पद हेतु निर्धारित विषय	वस्तुनिष्ठ प्रकारक	100	300		
प्रश्नों की कुल संख्या			**150**	**कुल अंक 450**		

नोट–स्क्रीनिंग परीक्षा में अर्ह अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार (व्यक्तित्व परीक्षण) हेतु निर्धारित अंक 50 (पचास) है।

2. उक्त दन्त सर्जन पद की स्क्रीनिंग परीक्षा से सम्बन्धित पूर्व में जारी पाठ्यक्रम (विज्ञप्ति दिनांक 10 मार्च, 2026 के माध्यम से) यथावत/पूर्ववत् रहेगा। जो आयोग की वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(गौरव रंजन श्रीवास्तव)
उप सचिव।